## सार-समाचार

### अवैध पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**सरमथुरा, (निसं)।** धौलपुर पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आंगई थाना पुलिस ने रहरई गांव के जंगल से अवैध पत्थर से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक हाइड्रा मशीन जब्त की है ।पुलिस ने मौके से हाइड्रा मशीन के ड्राइवर रामबुज (48) पुत्र रामरतन निवासी तरवा, थाना आंगई, जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया है। हालांकि, ट्रैक्टर ड्राइवर अंधेरे और ऊबड़-खाबड़ जमीन का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने उसका पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। आंगई थानाधिकारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था, जिसमें हेड कॉन्स्टेबल राकेश कुमार भी शामिल थे। गश्त के दौरान डीएसटी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक प्रेमसिंह की सूचना पर पुलिस टीम ने रहरई गांव के जंगल में हाइड्रा मशीन से ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध पत्थर भरते हुए रंगे हाथों पकड़ा। जब्त की गई सामग्री में अवैध पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और हाइड्रा मशीन शामिल हैं। पुलिस ने हाइड्रा मशीन और ट्रैक्टर-ट्रॉली को धारा 303(2) बीएनएस, 41, 42 फॉरेस्ट एक्ट और 4/25 एमएमडीआर एक्ट के तहत जब्त कर लिया है। इस संबंध में थाना आंगई में मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

### साइबर ठगी से बचाव के तरीके बताए

**सरमथुरा, (निसं)।** पीएम श्री बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल में छात्राओं को साइबर सुरक्षा और इंटरनेट के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। स्थानीय थाना अधिकारी हरेंद्र सिंह ने छात्राओं को साइबर ठगी से बचाव के तरीके बताए। थाना अधिकारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर बुधवार को विद्यालयों में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने इंटरनेट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस युग में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने छात्राओं को अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक और एपीके फाइलें डाउनलोड न करने की सलाह दी। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देने के लिए कहा गया। थाना अधिकारी ने स्कूल में लगे अभय कमांड कैमरों के बारे में भी छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि बालिका शिक्षा के प्रति सरकार बेहद संवेदनशील है और पुलिस अधीक्षक (एसपी) के विशेष निर्देशन में सुरक्षा संबंधी कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर स्कूल के उपप्राचार्य भगवान दास, ममता देवी, निरंजन सिंह, विनोद श्रीमाल और राजू सेन सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### रंजिश को लेकर युवक पर खूनी हमला

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** भूमि विवाद को लेकर चल रही पुरानी रंजिश के चलते बीती रात करौली रोड पर एक युवक पर तीन लोगों ने डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली थाना पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सदर थाना क्षेत्र के चमरपुरा गांव निवासी विक्रम जाटव खाद का कट्टा बाइक पर लादकर घर लौट रहा था। करौली रोड स्थित कल्ला की टाल के पीछे घात लगाए तीन युवकों ने उस पर अचानक डंडों से ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। हमले में विक्रम के सिर, दोनों हाथों और पैरों में गंभीर चोटें आईं।सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और लहूलुहान हालत में विक्रम को हिण्डौन के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। कोतवाली पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायल विक्रम के पर्चा बयान लिए। विक्रम ने हिण्डौन के ही नीरज गुर्जर सहित तीन लोगों पर हमले का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में दर्ज कर लिया है। डीएसपी मुनेश कुमार मीणा जांच कर रहे हैं। आरोपियों की तलाश जारी है।

### राजकीय विद्यालय के 96 छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण किया

**गंगापुर सिटी ।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के 96 छात्र-छात्राओं ने बुधवार को पीएम श्री गतिविधि ट्यूनिंग ऑफ स्कूल के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने वहां की विभिन्न गतिविधियों और आधुनिक सुविधाओं को समझा। प्रधानाचार्य राजकुमार उपाध्याय और प्रभारी ताराचंद योगी के नेतृत्व में छात्र बस द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय पहुंचे। विद्यालय प्रशासन ने उनका स्वागत किया और उन्हें कक्षा-कक्ष, भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला, आर्ट रूम, लाइब्रेरी, खेल मैदान, किचन गार्डन और संगीत कक्षा जैसी प्रमुख इकाइयों का अवलोकन कराया। विद्यार्थियों ने इन सभी गतिविधियों को ध्यानपूर्वक देखा। नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश बाबू और पीएमश्री प्रभारी गजेंद्र अग्रवाल ने स्थानीय विद्यालय के छात्रों और स्टाफ को सभी महत्वपूर्ण शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस शैक्षणिक भ्रमण में स्थानीय विद्यालय के कुल 96 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उनके साथ मार्गदर्शक शिक्षकों के रूप में उप प्रधानाचार्य ज्योति गुप्ता, संतोष कुमार नेकला और सुषमा गुप्ता भी उपस्थित रहे।

### पुलिस में मामला दर्ज

**गंगापुर सिटी ।** महूकलाँ ग्राम पंचायत स्थित मोक्षधाम में मंगलवार शाम अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर एक मोटर चोरी कर ली। घटना का पता तब चला जब मोक्षधाम विकास समिति के सदस्य शाम को लाइट जलाने पहुंचे और मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ पाया। चोरी की जानकारी मिलते ही समिति के सदस्य आरसी गुर्जर, शैलेन्द्र शर्मा, भंवरलाल कोली, भगवानदास कोली, रामप्रसाद सैनी और ओपी तगाया पेंटर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस को चोरी की बढ़ती घटनाओं के संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा। सदस्यों ने पुलिस को बताया कि चोर शाम के समय मोक्षधाम में घुसे और मौका पाकर वहां लगी मोटर चुरा ले गए। उन्होंने यह आशंका भी जताई कि जनसहयोग से मोक्षधाम में लगाए गए अन्य उपकरण भी चोरों के निशाने पर हो सकते हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की।

# उपजिला अस्पताल का निरीक्षण कर सेवाओं का फीडबैक लिया

■ **टोडाभीम मुख्यालय पर संचालित पैथोलॉजी लैब का औचक निरीक्षण कर रजिस्ट्रेशन कराकर लैब संचालन के लिए पाबंद किया।**

**करौली/टोडाभीम, (निसं)।** जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण (सीईए) एवं सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीना के नेतृत्व में टीम ने टोडाभीम मुख्यालय पर संचालित पैथोलॉजी लैब का औचक निरीक्षण कर रजिस्ट्रेशन कराकर लैब संचालन के लिए पाबंद किया ।

सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार अवैध लैब संचालन की रोकथाम हेतु टोडाभीम मुख्यालय पर अस्पताल के सामने संचालित प्रशांत लैब पर निरीक्षण दौरान चिकित्सक और आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति नहीं पाई गई, जिन्हें क्लीनिकल एस्टेब्लिसमेंट एक्ट में तय मानकों की पूर्ति तक लैब का संचालन बंद करने के लिए पाबंद किया, इन अवैध श्रेणी में लैब संचालन पर जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि टोडाभीम में निरीक्षण दौरान श्री बालाजी लैब,

राज एक्स रे एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, श्री गणेश डायग्नोस्टिक सेंटर और श्री राधा कृष्ण डायग्नोस्टिक सेंटर संचालक निरीक्षण कार्रवाई दौरान दुकान बंद कर भाग गए । इस दौरान टोडाभीम रोड भैंसा में कथित कथित डॉ गुरुदयाल और शौकीन खान झोलाछाप पर निरीक्षण कर अवैध संचालन बंद करने और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न करने के लिए पाबंद किया। झोलाछापों पर क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई नियम अनुसार की जाएगी।इस दौरान पीसीपीएनडीटी समन्वयक नगीना शर्मा और डीपीसी -आईईसी आईईसी लखन सिंह लोधा मौजूद रहे।

सीएमएचओ द्वारा उपजिला अस्पताल टोडाभीम का निरीक्षण कर प्रसुताओं एवं मरीजों से सेवाओं का फीडबैक लिया एवं प्रसुताओं को दो बच्चों में अंतराल रखने और सर्दी के मौसम में बच्चों को निमोनिया से बचाने के उपाय से अवगत कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने एनसीडी, टीकाकरण में सुधार और पिंक पखवाड़ा के अंतर्गत एफसीएम का महत्व समझाते हुए उपयोगिता बढ़ाने की अपेक्षा जताई।

उन्होंने ब्लड की पूर्ति के लिए ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन एवं रक्तताओं को प्रेरित करने की आवश्यकता जताते हुए कोल्ड चेन पॉइंट पर रिकॉर्ड संधारण के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान उप जिला अस्पताल स्थित सोनोठाफी सेंटर निरीक्षण किया गया और संस्था पर एक्स- रे किए जाने की स्थिति से रूबरू हुए, जिसमें मौके पर 25 एक्स-रे किया जाना पाया गया। उन्होंने संस्था प्रभारी को जरूरतमंद को एक्स-रे सेवा से लाभान्वित कराने के निर्देश प्रदान किये।

## बच्ची का शव क्षत विक्षिप्त हालत में मिला

**भरतपुर, (निस)।** मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक माह पहले जन्मी बच्ची का शव क्षत विक्षिप्त हालत में खाली प्लॉट में मिला। कुत्तों ने दोनों हाथ पूरी तरह से खा रखे थे।

लोगों ने जब शव को देखा तो अटल वन थाना पुलिस को सूचना दी और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां शव का पोस्टमार्टम कराकर अपना घर आश्रम की टीम को शव को सौंप दिया।

थाना प्रभारी हेमेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि बापू नगर कॉलोनी में एक नवजात बच्ची का शव खाली प्लॉट में पड़ा हुआ है जिसे कुत्ते नोच रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात बच्ची के शव को अपने कब्जे में लिया. शव को आरबीएम अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने बताया कि यह एक माह पहले जन्मी है और शव एक या दो दिन पुराना है।

आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में शव का पोस्टमार्टम कराकर शव अपना घर आश्रम टीम को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रतियोगिता आयोजन

**भरतपुर (निस)।** अग्रसेन महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भरतपुर में एन.एस.एस. व राजनीति विज्ञान के संयुक्त तत्वाधान में विष्व मानवाधिकार दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ॰ गम्भीर सिंह ने दीप प्रज्जवतिल कर कार्यक्रम का विधिवत प्रारम्भ किया।

## स्कूली बालकों को गर्म वस्त्र वितरित

**करौली, (निसं)।** नगर परिषद क्षेत्र में स्थित राज्य की उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 6 में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर गोविंद गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर अनीता गुप्ता ने गर्म वस्त्र वितरण किए वस्त्र प्राप्त कर स्कूली बालकों के चेहरे खिले। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 6 में बुधवार को यहां के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर गोविंद गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर अनीता गुप्ता के द्वारा सर्दी के दौर में सर्दी से बचाव के लिए विद्यालय में अध्यनरत 104 छात्र छात्राओं को गर्म जर्सी वितरण की वस्त्र वितरण कार्यक्रम में डॉक्टर गोविंद गुप्ता अतिथि के रूप में और विशिष्ट अतिथि के रूप में सर्वेश कुमार गुप्ता नाम मां सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर स्कूली छात्र-छात्राओं को वस्त्र वितरण किए इस मौके पर महेश चंद शर्मा अध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय बमनपुरा संस्था प्रधान मुखराज मीना के अलावा गिरधारी लाल नामा गंगाराम प्रजापत भूपराम शर्मा दिलीप गुप्ता बने सिंह पूजा कश्यप प्रिया दीपेंद्र नारीश सहित विद्यालय प्रबंधन एवं कयामुद्दीन निर्मला मीणा उपस्थित रहे।

# अब्दुल मुगनी खान अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नियुक्त

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** शहर के समाजसेवी एवं पार्षद अब्दुल मुगनी खान एडवोकेट को करौली अल्पसंख्यक कांग्रेस का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कांग्रेसजनों ने खुशी व्यक्त करते हुए मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी। नियुक्ति की सूचना मिलते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी द्वारा जारी पत्र में अब्दुल मुगनी खान को करौली जिला कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

नियुक्ति पर स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, मुख्य सचेतक रफीक खान, राजस्थान सह प्रभारी इनायत राथेर, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन एमडी चोपदार, जिला कांठोस अध्यक्ष घनश्याम महर, सांसद भजनलाल जाटव, हिंडौन विधायक अनीता जाटव, करौली पूर्व विधायक लखन मीणा, सपोटरा के पूर्व विधायक व मंत्री रमेश मीणा सहित वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया।

नियुक्ति की जानकारी मिलते ही दर्जनों कांग्रेसजन जोशी मार्केट स्थित कार्यालय पर पहुंचे और अब्दुल मुगनी खान को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अब्दुल मुगनी खान एडवोकेट ने कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलना और उनके हितों की आवाज बुलंद करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि कांठोस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पूरी टीम के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा।

नियुक्ति पर पूर्व उपसभापति नफीस अहमद, करौली सभापति प्रतिनिधि अमीनुद्दीन खान, वक़्फ़ कमेटी के सदर बब्बू भाई शाह, खजांची भीकम भाई, सोनू हाड़ौली, पूर्व जिला अध्यक्ष अबरार काजी, जहीर खान सूरौठ, सद्दाम हुसैन गद्दीपुरा, शफीक खान ढिंढोरा, शकील अहमद टोडाभीम, फारुख खान करौली, जिला कांठोस उपाध्यक्ष दाऊद अली, मुफ्ती अब्दुल हमीद, हाफिज हाशिम, मौलाना मुजाहिद, एडवोकेट इमरान खान, व्यवसाई मुफीद कटकड, इदरीस अहमद, मीडिया प्रभारी रफीक चौधरी, मोहम्मद निजामुद्दीन, सद्दाम कुरेशी, युवा कांठोस उपाध्यक्ष आमिर खान, मिस्टर राजस्थान अरशद कुरैशी, अदीब अहमद, अब्दुल हादी, लादेन अली, आसिफ चौधरी आदि ने हर्ष जताया।

# 'मानवाधिकारों की रक्षा से ही राष्ट्र का समग्र विकास संभव'

■ **राजकीय महाविद्यालय हिण्डौन सिटी में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुए**

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय हिण्डौन सिटी में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मतदाता साक्षरता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पप्पू राम कोली ने की।

प्राचार्य कोली ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा 10 दिसंबर 1948 को सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर किए जाने की तिथि को ही प्रतिवर्ष मानवाधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्रता, समानता, न्याय और गरिमापूर्ण जीवन उपलब्ध कराना तथा इनके प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना मानवाधिकार दिवस का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितेश जैन ने कहा कि भारतीय संविधान में वर्णित मूल अधिकार एवं नीति-निर्देशक तत्व मानव अधिकारों की सुनिश्चितता के लिए महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, शुद्ध पर्यावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पोषण और सामाजिक सुरक्षा जैसी सार्वजनिक सेवाओं तक समान पहुंच प्रत्येक नागरिक का अधिकार है।

मानवाधिकारों के दार्शनिक महत्व पर बोलते हुए डॉ. आशा राठौर ने कहा कि मतदान करते समय प्रत्येक मतदाता को धन, जाति, धर्म तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभनों से बचते हुए नैतिकता के साथ मतदान करना चाहिए, ताकि राष्ट्र मजबूत बने। मतदाता जागरूकता के महत्व पर डॉ. सहदेव सिंह ने कहा कि मतदान का अधिकार व्यक्ति की गरिमा और सम्मान की रक्षा करने वाला सशक्त उपकरण है, जिसका उपयोग जागरूक होकर किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान मतदाता साक्षरता क्लब द्वारा 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्रों को वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता पंजीकरण की जानकारी दी गई। इसी क्रम में राज्य निर्वाचन आयोग द्वाराहमारे वोट का संवैधानिक अधिकार एवं नैतिक मतदान का महत्वविषय पर भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें उदय कुमार ने प्रथम, सलोनी बंसल ने द्वितीय तथा प्रदीप कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शालिनी गुप्ता ने भारतीय निर्वाचन आयोग की मास्टर एप्लिकेशन के माध्यम से उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को मतदान की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर संकाय सदस्य डॉ. अनिल अग्रवाल, डॉ. महेश गर्ग, डॉ. श्रीनिवास गुर्जर, उपमा मीना, गुंजन गोयल, सुमित वीरेटिया सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## रेल लाइन का डीपीआर कार्य अंतिम चरण में

**करौली, (निसं)।** धौलपुर गंगापुर सिटी रेल परियोजना के द्वितीय चरण में विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन एवं रेल लाइन के मानचित्र बनाने का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। रेल विकास समिति के महामंत्री वेणुगोपाल शर्मा ने बताया कि उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय के मुख्य इंजीनियर निर्माण ने रेल विकास समिति के जितेंद्र कुमार मित्तल की अपील के उत्तर में बताया कि परियोजना के प्रथम चरण में धौलपुर से सरमथुरा तक लगभग 44 कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि इस चरण में तीन तहसीलों की भूमि का अधिग्रहण किया जाना था इसमें धौलपुर एवं बड़ी तहसीलों की 92 भूमि रेलवे को स्थानांतरित हो चुकी है तथा निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि सर मुद्रा तहसील की आवश्यक 98.73 हेक्टेयर भूमिका अवार्ड अक्टूबर 2025 में हो चुका है। भूमि रेलवे को हस्तांतरित होने के बाद कार्य किया जाएगा साथ ही पुराने मानचित्र की भूमि पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि मुख्य इंजीनियर ने यह भी बताया कि सर मुद्रा गंगापुर सिटी द्वितीय चरण के तकनीकी सुकृति के बाद शीघ्र ही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

# छात्र-छात्राओं ने ली मानव मूल्यों की रक्षा की शपथ

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाया गया, जहां छात्रों ने मानव मूल्यों की रक्षा की शपथ ली। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत गणित एवं विज्ञान सर्कल की गतिविधियां भी आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल डिबल्या में प्रिंसिपल भगवान सहाय गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ।

इस अवसर पर उत्सव व मीडिया प्रभारी पुखराज मीना ने "हां मैं मानव का अधिकार हूं, देखो पर मैं कितना लाचार हूं" शीर्षक से एक प्रस्तुति दी, जिसे विद्यार्थियों ने सराहा। कमलेश कुमार मीना ने मानव अधिकारों के साथ कर्तव्यों के पालन पर केंद्रित कविता प्रस्तुत की। प्रिंसिपल गुप्ता ने विद्यार्थियों को मानव मूल्यों का सम्मान करने और उनके संरक्षण के लिए सदैव सजग रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर मनीष कुमार गोयल 'मिचलेश योगी', मोहम्मद आशिफ खान, मोहम्मद अकरम, नेहा गुप्ता, शिखा गोयल सहित स्कूल स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे। सभी ने मानव अधिकारों और राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। दूसरी ओर, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल गंगापुर सिटी में बुधवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत गणित एवं विज्ञान सर्कल की गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर गणित और विज्ञान विषयों के प्रति अपनी गहरी रुचि प्रदर्शित की।

इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल राजकुमार उपाध्याय ने बताया कि पीएम श्री विद्यालयों में हर वर्ष गणित एवं विज्ञान सर्कल का गठन किया जाता है। इसका उद्देश्य कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को विषयों को प्रयोगात्मक रूप से समझने का अवसर प्रदान करना है। प्रत्येक सर्कल में 25-25 छात्र-छात्राएं शामिल होते हैं। विज्ञान सर्कल के प्रभारी जितेंद्र कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों के लिए विज्ञान किट का प्रदर्शन किया। देवेंद्र कुमार जैन ने विभिन्न गैसों की पहचान से संबंधित गतिविधि कराई और अम्ल तथा क्षार के बीच अंतर को सरल तरीके से समझाया।

इस कार्यक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल जाट बड़ौदा के शिक्षक एवं मास्टर ट्रेनर अरुण वैश्य को वार्ताकार के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने विज्ञान विषय को अधिक रुचिकर और प्रभावी बनाने के लिए तकनीक और उपलब्ध साधनों के प्रयोग पर उपयोगी सुझाव साझा किए।

# अतेवा ग्राम पंचायत सरपंच के अतिक्रमण को ध्वस्त किया

**करौली, (निसं)।** करौली पंचायत समिति की अतेवा ग्राम पंचायत सरपंच की ओर से सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासन ने ग्रामीणों की शिकायत और विरोध के चलते प्रशासन और पुलिस बल की मौजूदगी में पीला पंजा चलकर ध्वस्त किया मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच और ग्रामीणों के बीच नोक झोंक हुई। मौके पर उपस्थित पुलिस ने मामले को शांत किया।

ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक के अलावा संभागीय आयुक्त एवं क्षेत्रीय विधायक को लिखित में ग्राम पंचायत सरपंच अमरचंद जाटव द्वारा सरकारी भूमि खसरा नंबर 655 पर किए गए अतिक्रमण के अलावा पत्नी के नाम आवासीय पट्टा ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन पर कब्जा एवं ग्राम पंचायत के शौचालय पर कब्जा एवं निर्माण कार्यों में भारी भ्रष्टाचार करने की शिकायत की गई जिसको लेकर प्रशासन द्वारा मौके पर नायब तहसीलदार कैला देवी को भेज कर सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण की पुष्टि करते हुए अतिक्रमण को तोड़ने के लिए प्रशासन ने जेसीबी मशीन से अतिक्रमण को ध्वस्त किया

इसी ग्राम पंचायत के निरीक्षण के लिए सौभाग्य आयुक्त द्वारा सुशील कुमार सारस्वत सहायक विकास अधिकारी को लगाया गया जिसने बुधवार को करौली पंचायत समिति पहुंचकर विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी से ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों एवं अन्य कार्यों की जानकारी ली उधर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि अतेवा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर कोई भी अधिकारी निरीक्षण करने नहीं पहुंचा जबकि संभागीय आयुक्त द्वारा सहायक विकास अधिकारी सुशील कुमार सारस्वत को मुख्य अटेवा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पहुंचकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे इस मामले में सहायक विकास अधिकारी सुशील कुमार सारस्वत ने दूरभाष पर बताया कि कि यह बात सही है।

मुझे गुडला और अतेवा ग्राम पंचायत के निरीक्षण के लिए लगाया गया है गुडला ग्राम पंचायत पहुंचा जहां निरीक्षण किया और अतेवा ग्राम पंचायत का करौली पंचायत समिति पहुंचकर वहां विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी से बिल कैश बुक आदि की संधारित कर रहे हैं या नहीं की ऑडिट की गई उन्होंने कहा की निर्माण कार्यों और अन्य कार्यों की जांच यहां के विभागीय अधिकारियों द्वारा की जाएगी

## सार-समाचार

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर 26 से

**गंगापुर सिटी ।** बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिला आर्य वीर दल गंगापुर सिटी की ओर से गैर आवासीय आर्य वीरांगना प्रशिक्षण शिविर 26 से 31 दिसंबर तक आयोजित होगा। प्रवक्ता आशुतोष आर्य ने बताया कि गैर आवासीय आर्य वीरांगना प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन 26 दिसंबर को ध्वजारोहण के साथ किया जाएगा। शिविर की तैयारियों की समीक्षा के लिए देवी स्टोर चौराहे स्थित आर्य समाज मंदिर में एक बैठक आयोजित की गई। शिविर में बालिकाओं को प्रशिक्षण देने के लिए जोधपुर से प्रशिक्षित शिक्षिकाएं और शिक्षक आएंगे। प्रशिक्षकों द्वारा आत्मरक्षा के साथ-साथ बौद्धिक और आत्मिक उन्नति के लिए योगासन, प्राणायाम, दंड, बैठक, सूर्य नमस्कार, यज्ञ, जूडो कराटे और संगीत का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर की विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। भोजन व्यवस्था मदनमोहन बजाज को, वित्त व्यवस्था संजय आर्य, नरेंद्र आर्य और विश्वबंधु आर्य को दी गई है। साउंड व्यवस्था वीरेंद्र आर्य और आवास व्यवस्था विश्वबंधु आर्य संभालेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी सुमन आर्य, मीनू आर्य, गिरीश आर्य और संजय आर्य से संपर्क कर शिविर के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं। प्रवक्ता आशुतोष आर्य ने बताया कि बैठक में संजय आर्य, गिरीश आर्य, सीए अभिषेक बंसल, दाऊदयाल, देवेंद्र आर्य, राजेश आर्य, आलोक आर्य, शुभम आर्य, श्याम आर्य, रेणु आर्य, सुमन आर्य और मीनू आर्य सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शांति वक्ता डॉ. प्रेम रावत का 68वां जन्मोत्सव मनाया

**गंगापुर सिटी ।** राज विधा केंद्र में अंतरराष्ट्रीय शांति वक्ता डॉ. प्रेम रावत का 68वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हायर सेकेंडरी स्कूल के पास स्थित इस केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में शहर और आसपास के क्षेत्रों से हजारों लोग शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. प्रेम रावत के विचारों को प्रसारित किया गया, जिसमें उन्होंने जीवन में आंतरिक शांति के महत्व पर जोर दिया। उनके प्रेरक संदेशों ने उपस्थित श्रोताओं को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित किया। मंच से प्रस्तुत भजनों ने भी माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। जन्मोत्सव कार्यक्रम में आए लोगों ने डॉ. रावत के विचारों को आत्मसात कर जीवन में सकारात्मकता और शांति अपनाने का संकल्प लिया। राज विधा केंद्र के स्टेट कोऑर्डिनेटर महेश मुद्गल ने बताया कि डॉ. प्रेम रावत पिछले पांच दशकों से विश्वभर में शांति का संदेश पहुंचा रहे हैं। उनके संदेश 110 देशों में सुने जाते हैं। मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत शर्मा ने जानकारी दी कि डॉ. प्रेम रावत के कार्यक्रम स्थानीय उप कारागृह सहित देश की अनेक जेलों में भी नियमित रूप से प्रसारित किए जाते हैं। इस आयोजन में स्थानीय श्रोताओं के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी हजारों लोगों ने भाग लिया। राज विधा केंद्र की टीम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### अभिभाषक संघ चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने किए आवेदन

**बीदासर ।** आगामी 12 दिसंबर को बीदासर अभिभाषक संघ के होने वालें चुनावों को लेकर बुधवार को अध्यक्ष सहित विभिन्न पदो के लिए कुल 14 प्रत्याशियों के आवेदन प्राप्त हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट ज्ञानाराम चौधरी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट मोहम्मद शाहिद, अरविंद चौधरी और किशनलाल भादू, उपाध्यक्ष पद के लिए महेश कुमार छापोला और दीनदयाल प्रजापत, सचिव पद के लिए महेश कुमार छापोला, परमानंद बिजारणियां और गोवर्धन सिंह, सह सचिव पद के लिए हनुमान प्रसाद और गौतम कुमार पंवार, कोषाध्यक्ष पद के लिए सज्जन चोटियां और आरती डूंखवाल, पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए परमानंद बिजारणियां और जगदीश प्रजापत का आवेदन प्राप्त हुआ है। सहायक निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट लालचंद जाट व एडवोकेट रिजवान बागोट ने बताया कि प्रत्याशियों के फॉर्म जमा लेने के बाद प्रत्याशियों के आवेदनों की नियमानुसार जांच के बाद सूची जारी की गई। मतदान आवेदन पत्र विड्रॉल करने का समय गुरुवार 11 दिसंबर को सुबह 11 बजें से दोपहर 1 बजे तक व अंतिम मतदाता सूची दोपहर 1:30 बजे जारी की जाएगी तथा 12 दिसंबर को मतदान और परिणाम घोषित किया जाएगा।

### सातवीं नेशनल इंडो किक चैंपियनशिप में विराट मिश्रा ने चमकाया नाम

**चिड़ावा, ( निसं )।** कस्बे की एक निजी स्कूल के होनहार छात्र विराट मिश्रा ने खेल के मैदान में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छह और सात दिसंबर को जीवनी इंटरनेशनल स्कूल चिड़ावा में आयोजित सातवीं नेशनल इंडो किक चैंपियनशिप 2025 में विराट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मैडल पर कब्जा जमाया। इंडो किक कम फैडरेशन के तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों के बीच जोरदार मुकाबले देखने को मिले। इन कड़े मुकाबलों में विराट मिश्रा का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। जिसकी बदौलत उन्हें रजत पदक हासिल हुआ। इस उपलब्धि पर विद्यालय में विराट को मेडल पहनकर एवं मोमेंट देकर सम्मान किया गया। विराट की इस शानदार उपलब्धि पर उनके कोच विक्रम सिंह और समूचे विद्यालय परिवार तथा अभिभावकों ने गहरी खुशी और गर्व व्यक्त किया है। सभी ने विराट के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली खिलाड़ी विराट मिश्रा को मैडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

### पूर्व सैनिकों एवं युद्ध वीरांगनाओं के लिए समस्या समाधान शिविर 12 को

**सीकर, ( निसं )।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह ने बताया कि पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ मासिक शिविर का आयोजन 12 दिसम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे अटल सेवा केन्द्र, रोलसाहबसर में किया जाएगा। कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला ने बताया कि निकटवर्ती ग्रामों के सभी पूर्व सैनिक, युद्ध वीरांगनाएं एवं आश्रित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। उन्होंने सभी उपस्थित होने वाले पूर्व सैनिकों से कहा कि वे अपने साथ पीपीओ, डिस्चार्ज बुक तथा बैंक पासबुक अवश्य लेकर आएं, जिससे उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। शिविर के दौरान पी.एन.बी बैंक द्वारा वीरांगनाओं एवं शौर्यचक्र पदक विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा।

### छात्र समस्याओं पर कमेटी का गठन

**झुंझुनूं, ( निसं )।** बुधवार को स्टूडेंट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया जिला कमेटी झुंझुनूं ने ग्राम बिरमी में जिला उपाध्यक्ष कपिल चोपड़ा की अध्यक्षता मे मीटिंग कर स्कूल की विभिन्न छात्र समस्याओं पर चर्चा कर 13 सदस्य स्कूल कमेटी का गठन किया गया। नव निर्वाचित कमेटी की घोषणा वेदप्रकाश महरिया ने की। जिसमें विकास टंडन को अध्यक्ष, बसंत को महासचिव, जितेंद्र, ओमप्रकाश, तनवीर को उपाध्यक्ष व रोहित, आर्यन, ऋषिक को सयुंक्त सचिव व विकास, इंतजार, आदेश, धोनी, अवनीश को कमेटी का सदस्य बनाया गया। इस दौरान अरबाज, इमरान सदस्य मौजूद रहे।

### आदर्श विद्या मंदिर में परीक्षा यज्ञ का आयोजन

**राजलदेसर ( निसं )।** कस्बे की आदर्श विद्या मन्दिर में परीक्षाओं के सफल एवं सुचारू संचालन की कामना हेतु माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन करके पवित्र हवन का बुधवार को अर्द्धार्षिक परीक्षा यज्ञ का विद्यालय प्रांगण में आयोजन किया गया। हवन के दौरान पूरे वातावरण में शांति,सकारात्मक ऊर्जा और पवित्रता का संचार हुआ विद्यालय परिवार ने मिलकर कि द्यार्थियों की एकाग्रता,आत्मविश्वास और उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की। सभी ने यह संकल्प लिया की विद्यार्थी पूर्ण निष्ठाऔर मनोयोग से परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करेगें हवन कार्यकम का उद्देश्य विद्यार्थियों मेंआध्यात्मिक प्रेरणा जागृत करना और उन्हें मानसिक रूप से श्रेष्ठ बनाना है । पण्डित लालचन्द पारीक द्वारा मंत्रों चारण किया गया व प्रधानाचार्य,विद्यालय स्टाफ औरभैया/बहिनों के द्वारा हवन में आहुतियां देकर परीक्षा में सफलता प्राप्त करने कीकामना की। वरिष्ठ आचार्य बजरंग सिंह भाटी ने बताया की प्रत्येक मांगलिक कार्य पर हवन//यज्ञ आदि करना चाहिए।